Bharat Temples

खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

तर्ज झिलमिल सितारों का आँगन।

खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,
लखदातार तू है एक जाने जग सारा,
खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

बड़े ही दयालु तेरी महिमा भारी,
दर्शन को आये तेरे लाखो नर नारी,
पतित उदाहरण बाबा नाम है तिहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,
खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

पता ना ठिकाना जानू कहाँ तुझे पाऊं,
भक्ति ना भाव जानू कैसे में रिझाऊ,
हम को भी तारो जस गणिका को तारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,
खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

भीख तो दया की देदो हमको मुरारी,
हम सब सेवक तेरे दर के भिखारी,
भक्तो की नैया को करदो किनारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,
खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा,
लखदातार तू है एक जाने जग सारा,
खाटु वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा,
तेरे सिवा दुनिया में कोई ना हमारा।।

Source: https://www.bharattemples.com/khatu-wale-shyam-baba-tera-hi-sahara/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw